प्रीलिम्स फैक्ट्स : 12 दिसंबर, 2018

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-12-11-2018

ENSURE पोर्टल

प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (Direct Benefit Transfer- DBT) के लाभार्थियों को DBT से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने के लिये ENSURE पोर्टल लॉन्च किया गया है।

- ENSURE पोर्टल को राष्ट्रीय पशुधन मिशन (National Livestock Mission- NLM) के घटक उद्यमिता विकास और रोज़गार सृजन (Entrepreneurship Development & Employment Generation- EDEG) के अंतर्गत लॉन्च किया गया है।
- इस पोर्टल को नाबार्ड (NABARD) द्वारा विकसित किया गया है तथा इसका संचालन पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग (Department of Animal Husbandry, Dairying & Fisheries) द्वारा किया जाएगा।
- NLM के घटक उद्यमिता विकास और रोज़गार सृजन (EDEG) के अंतर्गत पोल्ट्री, जुगाली करने वाले छोटे जानवरों (Ruminants), सूअरों आदि से संबंधित गतिविधियों के लिये दी जाने वाली सब्सिडी का भुगतान DBT के ज़रिये सीधे लाभार्थी के खाते में किया जाता है।
- इस प्रक्रिया को और अधिक बेहतर, सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिये नाबार्ड ने ऑनलाइन पोर्टल ENSURE का विकास किया है ताकि लाभार्थियों और आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी को आसानी से उपलब्ध कराया जा सके।

राष्ट्रीय पशुधन मिशन

- राष्ट्रीय पशुधन मिशन, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की एक पहल है।
- 2014-15 में प्रारंभ हुए इस मिशन को पशुधन क्षेत्र के सतत विकास के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया था।
- राष्ट्रीय पशुधन मिशन के उद्यमिता विकास और रोज़गार सृजन घटक के अंतर्गत नाबार्ड सब्सिडी चैनलाइज़िंग एजेंसी है।

संरक्षित क्षेत्र के आसपास इको-सेंसिटिव ज़ोन (Eco-Sensitive Zone around Protected Regions)

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को देश भर के लगभग 21 राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के आस-पास के 10 किमी. के क्षेत्र को **'पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्रों'** (Eco-Sensitive Zone- ESZ) के रूप में घोषित करने का निर्देश दिया है।

इको-सेंसिटिव ज़ोन : भूमि संसाधनों पर लोगों के स्वामित्व के अधिकारों को प्रभावित नहीं करता है लेकिन यह भूमि उपयोग में होने वाले परिवर्तन को प्रतिबंधित करता है।